## आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 12.09.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत योजना के विस्तार को मंजूरी दी। इसमें सत्तर वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक शामिल होने से लगभग छह करोड़ लोग लाभान्वित होंगे।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नर्सों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार दो हजार चौबीस से सम्मानित किया–अंडमान निकोबार की ए एन एम शीला मंडल को भी पुरस्कार से नवाजा गया।
- कृषि विभाग की ओर से कार निकोबार के मूस गांव में खरीफ अभियान की शुरूआत की गई है।
- समाज कल्याण विभाग के वन स्टॉप केन्द्र की ओर से तीन नए आपराधिक कानूनों पर ऑनलाइन जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।
- आत्महत्या जैसी प्रवृति को रोकने के लिए द्वीपसमूह के विभिन्न स्कूलों ओर कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

<><><><><><><>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज देने को मंजूरी दे दी है। कल दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा इस फैसले से वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इससे देश के लगभग साढे चार करोड़ परिवार और छह करोड़ वरिष्ठ नागरिक लाभांवित होंगे। पात्र वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना के तहत आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जाएगा।

<><><><><><><>

सरकार ने कहा है कि साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल होने के कारण एक करोड़ से अधिक मोबाइल कनेक्शन बंद कर दिए गए हैं। लगभग दो लाख सत्ताईस हजार मोबाइल हैंडसेट भी ब्लॉक किए गए। दूरसंचार विभाग ने कहा है कि इन कनेक्शनों की पहचान संचार साथी पहल से की गई थी। पिछले एक पखवाड़े में तीन लाख पचास हजार से अधिक स्पैम नंबरों को भी बंद कर दिया गया है। पचास संस्थाओं को काली सूची में डाल दिया गया है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में नर्सों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार दो हजार चौबीस से सम्मानित किया। कुल पन्द्रह नर्सों को समुदाय के प्रति कर्तव्य और सेवा के लिए उनकी उत्कृष्ट प्रतिबद्धता के लिए यह पुरस्कार दिए गए। अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गाराचरामा की एएनएम शीला मंडल को स्वास्थ्य सेवा में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस

नाइटिंगेल पुरस्कार दो हजार चौबीस से सम्मानित किया गया। पिछले पच्चीस वर्षों में श्रीमती शीला मंडल ने दूरदराज के द्वीपों में रहने वाले सैंकड़ों जरूरतमंद रोगियों खासकर गर्भवती महिलाओं की सहायता की है और जीवन रक्षक साबित हुई है। द्वीपों के सभी दूरदराज के क्षेत्रों में पोलियो अभियान चलाने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल

की स्थापना वर्ष उन्नीस सौ तिहत्तर में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा की गई थी। यह पुरस्कार नर्सों और नर्सिंग पेशेवरों द्वारा समाज को प्रदान की गई सराहनीय सेवाओं के लिए दिया जाता है।

<><><><><><><>

कृषि विभाग की ओर से कार निकोबार के मूस गांव में खरीफ अभियान चलाया जा रहा है। संघशासित आत्मा के सहयोग से कार निकोबार के सभी गांवों में पूरे माह चलने वाले इस कार्यक्रम के उद्घाटन में कृषि अधिकारी आर भूभारती ने इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बीज प्रबंधन, प्रधानमंत्री आशा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना जैसे योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कोपरा उत्पादन करने वाले किसानों से अनुरोध किया कि वे पी एम आशा योजना के तहत एम एस पी का लाभ उठाने के लिए ई—समृद्धि पोर्टल में पंजीकृत कराएं। कृषि सहायक डी. लक्ष्मी ने जल शक्ति अभियान, जैविक और प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी। उद्घाटन अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। मूस के ग्राम सचिव ने विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किसानों से आगे आने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर ने तीन नए आपराधिक कानूनों पर एक ऑनलाइन जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर समाज कल्याण निदेशक डॉ. नितिन शाक्या ने अपने संबोधन में सत्र के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि नए कानूनों को वर्तमान जरूरतों के साथ बेहतर ढंग से लागू किया जा सके, जिससे अधिक कुशल और निष्पक्ष आपराधिक न्याय प्रणाली सुनिश्चित हो सके। अबर्डीन पुलिस थाना की उप निरीक्षक नंदिनी ने तीन नए आपराधिक कानूनों में प्रमुख बदलावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भारतीय न्याय संहिता भारतीय दंड संहिता की जगह लेती है, जिसमें आईपीसी के प्रावधान बरकरार रहते हैं, धाराओं की संख्या पांच सौ ग्यारह से घटाकर तीन सौ अट्ठावन कर दी गई है, कई अपराधों के लिए दंड बढ़ा दिया गया है और घृणा अपराध, मॉब लिंचिंग, आतंकवाद, संगठित अपराध और अभद्र भाषा सहित कई नए अपराध शामिल किए गए हैं और राजद्रोह को अधिनियम के रूप में फिर से परिभाषित किया गया है। उन्होंने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों से निपटने वाली धाराओं के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जनता और महिलाओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

अनिम्स में एम बी बी एस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए दूसरे चरण का परामर्श अब सत्रह सितम्बर के स्थान पर अट्ठारह सितम्बर को रखा गया है। पात्र उम्मीदवारों की सूची कॉलेज और प्रशासन की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। उम्मीदवारों को अट्ठारह सितम्बर को सुबह नौ बजे अनिम्स के लेक्चर हॉल में मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है। व्यक्तिगत रूप से परामर्श में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को ही सीटों का आवंटन किया जाएगा।

उधर, आतंकवाद से प्रभावित नागरिकों के बच्चे या उनकी पत्नियों के लिए केन्द्रीय पूल से एम बी बी एस की कुछ सीटें आरक्षित की गई है। इनमें गया और मुम्बई में एक–एक तथा रायपुर में दो सीटें शामिल हैं। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में कल शाम पांच बजे तक सचिवालय के विकास अनुभाग चार में स्वीकार किए जाएंगे।

इस बीच, केरला कृषि विश्वविद्यालय त्रिशूर में सभी कॉलेजों में सभी स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के लिए दो सीटें आरक्षित की गई है। दिए गए वेबसाइट पर और जानकारी उपलब्ध है।

<><><><><><><>

आत्महत्या एक प्रमुख चुनौती है और पूरे विश्व में प्रतिवर्ष सात लाख से अधिक मौतें आत्महत्या के कारण होती है और इससे व्यक्तिगत लोगों और समुदाय पर भी गहरा असर पड़ता है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए लोगों में इसकी रोकथाम पर जागरूकता उत्पन्न करना अति महत्वपूर्ण है। ऐसी प्रवृति वाले लोगों के साथ संवाद कर और उनके अंदर आत्मविश्वास उत्पन्न करके आत्महत्या जैसी प्रवृति को रोका जा सकता है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत द्वीपसमूह के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। हाल ही में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में वक्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य और टेलीमानस प्रकोष्ठ जैसे हेल्पलाइन के सहयोग के बारे में जानकारी दी, ताकि लोगों को जीवन के महत्व के बारे में जानकारी दी जा सके और उनके भीतर उत्पन्न होने वाली आत्महत्या जैसी प्रवृति को रोका जा सके।

<><><><><><><>

विम्बर्लीगंज के ब्लॉक परियोजना कार्यालय की ओर से हाल ही में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, विम्बर्लीगंज में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विम्बर्लीगंज के उप शिक्षा अधिकारी डॉ मनोहरन मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए चिकित्सा मूल्यांकन शिविर के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने मेडिकल टीम के साथ विशेष आवश्यकता वाले छात्रों को उपकरण वितरित किए। शिविर के दौरान कोलकाता से प्रोस्थेटिस्ट एवं ऑर्थोटिस्ट सुदीप कुमार जेना, ऑडियोलॉजिस्ट आलोक कुमार साहू, भी उपस्थित थे। शिविर के दौरान तीन लाभार्थियों को श्रवण यंत्र, दो लाभार्थियों को व्हील चेयर, एक लाभार्थी को सीपी व्हील चेयर और सात लाभार्थियों को पैर के

ऑर्थोसिस जूते वितरित किए गए। मेडिकल टीम ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और संदिग्ध बच्चों का भी आकलन किया। कार्यक्रम राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा के सहयोग से आयोजित किया गया था।

**<><><><><><><>**

**<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अण्डमान निकोबार की एएनएम सहित कुल पन्द्रह नर्सों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटेंगल पुरस्कार से सम्मानित करने के समाचार को **डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। इन अखबारों ने कार निकोबार के मूस गांव में खरीफ अभियान चलाए जाने के समाचार को अंतिम पन्ने में जगह दी है। दक्षिण अण्डमान पुलिस द्वारा चौदह करोड़ रूपए मूल्य के दो किलो हिरोइन जब्त करने और इस मामले में सात लोगों की गिरफ्तारी करने के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** ने अपनी पहली हेडलाइन बनाया है। पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने सवाई गांव के रेवरेंट थॉमस को बिशप बनाए जाने के लिए बधाई दी है – **अण्डमान क्रोनिकल** की खबर है।

**<><><><><><><>**